आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.12.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- संसद का शीतकालीन सत्र शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- सत्र केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है।
- राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी शुरू, विपक्षी विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर किया प्रदर्शन।
- गीता जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में 3 लाख से अधिक लोगों ने गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया।
- दिसंबर के पहले दिन सर्दी के तेवर पड़े ठंडे, आने वाले दिनों में पारा गिरने की संभावना।

**संसद सत्र**

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाने के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 पेश किया। श्रीमती सीतारामन ने पान मसाला जैसी विशिष्ट वस्तुओं के उत्पादन पर उपकर लगाने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 भी पेश किया। उन्होंने मणिपुर वस्तु और सेवा कर अधिनियम, 2017 में संशोधन के लिए मणिपुर वस्तु और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 भी पेश किया।

सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परमपरा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति आज उल्लेखनीय ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि यह गति भारत को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर बढ़ने का नया आत्मविश्वास देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है।

प्रधानमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र हार से पैदा हुई हताशा का युद्धक्षेत्र न बने और न ही जीत से पैदा हुए अहंकार का अखाड़ा बने। उन्होंने कहा कि राजनीति में नकारात्मकता की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच की आवश्यकता होती है।

**विधानसभा**

राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन 14 दिवंगतो को श्रद्धांजलि दी गई। सत्र की शुरुआत से पहले विधानसभा के बाहर विपक्षी विधायकों ने छिंदवाड़ा में कथित तौर पर कफ सीरप से हुई बच्चों की मौत के मामले में प्रदर्शन किया। विधायकों ने अनोखे सांकेतिक प्रदर्शन में बच्चों की सुरक्षा की मांग की। कांग्रेस के प्रदर्शन पर खातेगांव से भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि मामला बहुत संवेदनशील था। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ी कार्रवाई भी की है। वही अशोकनगर जिले में खाद के लिए लाइन में लगी एक महिला की कथित मृत्यु पर कृषि मंत्री एदल कंसाना ने कहा कि महिला की जान बीमारी से गई है। आपको बता दें कि 5 दिसंबर तक सत्र की बैठकें होंगी। अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में 751 तारांकित और 746 अतारांकित प्रश्नों को मिलाकर 1497 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

**निर्वाचन आयोग**

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एस.आई.आर के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 83 लाख फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं के 99 दशमलव सात दो प्रतिशत मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि अब तक लगभग 40 करोड़ फॉर्मो का डिजिटलकरण किया जा चुका है। मतदाता सूचियों के **एसआइआर** का दूसरा चरण देश के नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में पिछले महीने की चार तारीख से शुरू किया गया था। इन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुद्दुचेरी, लक्षदीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। अगले वर्ष सात फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी और इसके साथ ही इस चरण का मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य संपन्न हो जाएगा।

**गीता महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गीता जयंती के अवसर पर भोपाल के रवीन्द्र भवन में आयोजित श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ एवं

प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गीता जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में संभाग, जिला और विकासखंड स्तर पर 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भगवद्गीता के पाठ से सम्पूर्ण प्रदेश को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

इससे पहले, आज सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन नें आयोजित गीता महोत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जनतंत्र और गणतंत्र के नायक हैं। उन्होंने कर्म और धर्म के मार्ग को सर्वोपरि रखा। मुख्यमंत्री ने पाठ्यक्रम में गीता के ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर बच्चे के बस्ते में गीता होनी चाहिए। अब से कुछ देर बाद इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा।

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सागर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जीवन जीने की कला सिखाने वाला सार्वभौमिक ज्ञान है। उधर नीमच में जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ। मंदसौर में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के आराधना हॉल में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। उधर झाबुआ में पीएम श्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि गीता जीवन को संतुलित, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ बनाने का मार्ग दिखाती है। नर्मदापुरम एसएनजी स्कूल ग्राउंड पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन हुआ। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के करीब 2 हजार विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भागवत गीता के एक अध्याय का पाठ किया। जबलपुर के छोटी ओमती स्थित श्री पंडित लज्जाशंकर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शहर के 13 स्कूलों के लगभग 5100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इंदौर में 4500 से अधिक गीता अनुरागियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक गीता स्वाध्याय और प्रेरणा गीत का गायन किया। शहडोल, शिवपुरी में विधि विधान के साथ गीता का पाठ किया गया।

**विश्व एड्स दिवस**

प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य धार जिले में आज विश्व एड्स दिवस को लेकर जिले भर में अनेक आयोजन हुए। धार जिला मुख्यालय पर एड्स जागरुकता रैली निकाली गई और मानव श्रृंखला बनाई गई। लालबाग से प्रारंभ हुई एड्स जागरुकता रैली को सीएचएमओ डॉ मुकुंद बर्मन और डॉ संजय जोशी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उधर खंडवा में विश्व एड्स दिवस पर आज जिला चिकित्सालय परिसर से जन-जागृति रैली निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री और लोगों को एड्स से बचाव के संदेश दिए गए।

**मौसम**

आज दिसंबर का पहला दिन है, लेकिन सर्दी के तेवर वैसे नहीं जैसे नवंबर के दूसरे हफ्ते में थे, राज्य में पिछले कुछ दिनों से ठंड में आई कमी अब जल्द ही समाप्त होने वाली है, मौसम विभाग की ताज़ा भविष्यवाणी के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में पारा एक बार फिर तेजी से नीचे आएगा और ठंड का अगला दौर लौट सकता है। फिलहाल कुछ जगहों पर तापमान 10°C से नीचे दर्ज होने लगा है, जिससे सुबह और शाम की ठिठुरन फिर बढ़ती दिखाई दे रही है।

समाचार संक्षेप –

- सीहोर जिले ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर शत-प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले की पूरी टीम और मतदाताओं को बधाई दी है।
- भारत निर्वाचन आयोग के सचिव विनोद कुमार ने इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की सराहना की है। उन्होंने आज इंदौर में एसआईर कार्य की समीक्षा की
- छिन्दवाड़ा के ओझलढ़ाना गांव में 75 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- पन्ना के धरमसागर तालाब परिसर में बुन्देल केशरी महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण 6 दिसम्बर को किया जाएगा।
- देवास में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर देवास की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर गोदावरी यादव द्वारा यौन उत्पीड़न से महिलाओं को कानून की जानकारी दी गई।
- रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह ने आज उर्वरक वितरण केन्द्र दिलीप नगर पहुंचकर वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर खरीफ सीजन के उपज का उपार्जन कार्य आज से शुरु हो गया है।

---